आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 28.08.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दो दिवसीय उज्बेकिस्तान यात्रा पर जाएंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन के खाचरौद के चिरोला घाट आश्रम में पूजन किया।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अमृतसर में रक्खड़ पुन्निया मेले में हिस्सा लिया।
- प्रदेश में रक्षाबंधन का पर्व पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री-यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन की यात्रा पर कल उज़्बेकिस्तान जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी उज़्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शफ़कत मिर्ज़ियोयेफ के निमंत्रण पर ताशकंद का दौरा करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने के लिए राष्ट्रपति मिर्ज़ियोयेफ के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत करेंगे।

**रक्षाबंधन- राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षाबंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पर्व स्नेह, सम्मान, विश्वास और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने समाज और राष्ट्र की रक्षा तथा विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कामना की कि रक्षा बंधन सभी के जीवन में खुशहाली, समृद्धि और सफलता लाए तथा प्रेम और आपसी विश्वास के बंधन हमेशा मजबूत रहें।

**मुख्यमंत्री-रक्षाबंधन**

रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन जिले के खाचरौद स्थित चिरोला घाट आश्रम पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने भगवान शिव का पुष्पाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश महान संतों और विभूतियों की तपोभूमि रहा है और संतों की भावना के अनुरूप प्रदेश के प्रत्येक परिवार में खुशहाली बनी रहे।

**रक्षाबंधन-प्रदेश**

प्रदेश में रक्षाबंधन का पर्व पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। अलीराजपुर जिला जेल में बहनों ने जेल में बंद भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनके बेहतर भविष्य की कामना की। विदिशा जेल में ब्रह्माकुमारी बहनों ने बंदियों को राखी बांधकर अपराध से दूर रहने का संकल्प दिलाया। वहीं, भोपाल सेंट्रल जेल में भोपाल के साथ सीहोर, रायसेन, विदिशा और राजगढ़ से बड़ी संख्या में बहनें पहूंचीं और भाइयों को राखी बांधी। सतना में बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा । अशोकनगर के वन स्टॉप सेंटर में कलेक्टर साकेत मालवीय ने सपत्नीक बालिकाओं के साथ रक्षाबंधन मनाया, जहां बालिकाओं ने उन्हें राखी बांधी। छिंदवाड़ा, शिवपुरी, मंडला, धार, झाबुआ, बैतूल सहित सभी जिलों में रक्षाबंधन पर्व पारंपरिक उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।

**शिवराज सिंह चौहान**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्षाबंधन के अवसर पर पंजाब के अमृतसर जिले में बाबा बकाला साहिब की पवित्र धरती पर आयोजित 'रक्खड़ पुन्निया' मेले में सहभागिता की। उन्होंने बाबा बकाला साहिब में मत्था टेककर गुरु तेग बहादुर जी की तपोस्थली को नमन किया। इससे पहले उन्होंने श्री दरबार साहिब में भी मत्था टेका और कहा कि सेवा का भाव व्यक्ति के अहंकार को दूर करता है। बाद में उन्होंने पंजाब सरकार पर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से वंचित रखने का आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी पर भी निशाना साधा।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 137वीं कडी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

**एम्स- कॉक्लियर प्रत्यारोपण**

एम्स भोपाल में आज नौ माह के शिशु के दोनों कानों में एक साथ सफल कॉक्लियर प्रत्यारोपण किया गया है। उपचार करने वाली टीम के अनुसार, यह मध्य भारत में कॉक्लियर प्रत्यारोपण पाने वाला सबसे कम उम्र का बच्चा है। समय से पहले

जन्मे इस शिशु को एक माह से अधिक समय तक एनआईसीयू में रखा गया था । सर्जरी में आधुनिक कॉक्लियर इम्प्लांट तकनीक और स्मार्टनैव निगरानी प्रणाली का उपयोग किया गया। ऑपरेशन ईएनटी विभाग के प्रोफेसर डॉ. विकास गुप्ता और डॉ. गणकल्याण बहेरा ने किया।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून सक्रिय बना हुआ है। मौसम विभाग ने आज टीकमगढ़, छतरपुर, कटनी, सीधी, अनूपपुर, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में ढाई से चार इंच तक बारिश होने की संभावना है। भोपाल समेत कई जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार तक  गरज-चमक की गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

**सिंधिया-संचार साथी पोर्टल**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि संचार साथी पोर्टल ने खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।  आज सोशल मीडिया पोस्ट पे अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने बताया कि पहली बार एक महीने में देशभर में 75 हजार से अधिक मोबाइल हैंडसेट बरामद किए गए हैं। सिंधिया ने इसे नागरिकों के भरोसे, बेहतर तकनीक और दूरसंचार विभाग, टेलीकॉम कंपनियों तथा पुलिस के बीच प्रभावी समन्वय का परिणाम बताया।

**कुछ समाचार संक्षेप में:-**

- नर्मदापुरम जिले में त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने दूध और दुग्ध उत्पादों में मिलावट की रोकथाम के लिए चलाये गये अभियान में 42 किलोग्राम पनीर जब्त किया गया।
- मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत खंडवा जिले के वरिष्ठ नागरिकों को मुंबई स्थित डॉ. अंबेडकर चैत्यभूमि स्मारक की यात्रा कराई जाएगी। विशेष ट्रेन 15 सितंबर को रवाना होगी।
- मुरैना कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ कल बानमौर तहसील के भ्रमण पर रहेंगे।

..............................